प्रारम्भिक मूल्यांकन (Baseline Assessment)

- **यह मूल्यांकन विद्यार्थी स्वविवेक से करेंगे।**
- **विद्यार्थी को सभी प्रश्न करने हैं।**
- **शिक्षक विद्यार्थी को केवल प्रश्न समझने में सहायता करेंगे।**
- **टिप्पणी करते समय शिक्षक विद्यार्थी की समग्र शिक्षण गतिविधियों को ध्यान में रखेंगे।**

प्र. 1 आपके विचार से सही वाक्य पर सही का और गलत वाक्य पर गलत का निशान लगाइए –

(क) बिना हेलमेट लगाए मोटर साइकिल चलानी चाहिए। ( )

(ख) भोजन करने से पहले साबुन से हाथ धोना चाहिए। ( )

(ग) हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। ( )

(घ) व्यर्थ में पानी बहाना अच्छी बात है। ( )

प्र. 2 पृथ्वी को धरा भी कहते हैं, निम्नलिखित को क्या कहते हैं ?

बादल .... सागर ....

नदी .... माँ ....

प्र. 3 कौन क्या करता है लिखिए –

डॉक्टर – ....

अध्यापक – ....

किसान – ....

पुलिस – ....

प्र. 4 नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य पूरा कीजिए –

(क) चूहा छोटा होता है, जबकि बिल्ली .... होती है।

(ख) हाथी का वजन अधिक होता है, चूहे का वजन .... होता है।

(ग) वर्षा को .... कचौरी पसंद है, हर्षा को ठण्डी लस्सी।

(घ) श्यामपट्ट का रंग काला होता है, जबकि चॉक का रंग .... होता है।

प्र. 5 नीचे लिखें वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए –

(क) बोतल में पानी है। ....

(ख) कविता भोजन बनाती है। ....

(ग) बीना जयपुर जा रही है। ....

(घ) पवन पतंग उड़ा रहा है। ....

प्र. 6 उचित विराम चिह्न लगाकर अनुच्छेद को पूर्ण कीजिए –

आज आसमान में बादल छाए हुए हैं श्यामा राधा कमला और रेखा खेत पर गई हुई है माँ ने कहा–न जाने मेरी बच्चियाँ कैसी होगी पिता ने पूछा बच्चियाँ कब गई थी

प्र. 7 उचित शब्द लिखकर वाक्य पूरा कीजिए –

सोहन मेरे .... खिलौने लाया था।

मंमी ने छोटे भैया .... गोद में उठाया।

दिनेश .... दूकानदार .... पुस्तकें खरीदी।

प्र. 8 नीचे दिए गए शब्दों को सही क्रम में लगाकर वाक्य निर्माण कीजिए –

(क) साधन / हैं ? / भेजने के / समाचार / क्या–क्या

....

(ख) झुंड / एक / था। / उड़ / कबूतरों का / रहा

....

प्र. 9 गाड़ी चलाते समय हमें किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

उत्तर ....

प्र. 10 निम्नलिखित शब्दों का उपयोग करते हुए वाक्य बनाइए –

(क) नीम – ....

(ख) टेलीविजन – ....

(ग) मच्छर – ....

(घ) साबुन – ....

प्र. 11 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पाँच प्रश्न बनाइए –

मैना नाम की एक छोटी बच्ची थी। उसके पिता का नाम नाना फड़नवीस था। नाना साहब देश की आजादी चाहते थे। मैना भी उनके विचारों से सहमत थी। अंग्रेज इस बात पर उन दोनों से नाराज थे। अंग्रेजों ने नाना साहब के महल में आग लगवा दी। नानासाहब की बहादुरी से दोनों सकुशल बाहर आ गए।

(क) ....

उत्तर छोटी बच्ची का नाम मैना था।

(ख) ....

उत्तर मैना के पिता का नाम नाना फड़नवीस था।

(ग) ....

उत्तर अंग्रेजों ने महल में आग लगवा दी।

(घ) ....

उत्तर नाना साहब की बहादुरी से दोनों बाहर आ गए थे।

प्र. 12 नीचे अखबार की कतरन दी गई है, उसे पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

जयपुर 4 मार्च, राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 30 मार्च तक खेल–कूद आदि क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि के लिए पाँच से पंद्रह आयु वर्ग के बच्चों को राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दिया जाएगा। जिला कलेक्टर ने बताया कि राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए बच्चों के नाम की अनुशंषा निर्वाचित संस्थाएँ करेंगी। नामित बच्चों को स्वर्ण पदक के साथ 20,000 हजार रुपए नकद दिए जाएंगे।

(क) यह खबर कहाँ से प्रकाशित हुई है ?

उत्तर ....

(ख) बाल पुरस्कार के बारे में किसने बताया ?

उत्तर ....

(ग) पुरस्कार के लिए बच्चों के नाम की अभिशंषा कौन करेंगे ?

उत्तर ....

(घ) पुरस्कार में क्या दिया जाएगा ?

उत्तर ....

प्र. 13 निम्नलिखित चित्र को देखकर अपने विचार लिखिए –

....

....

....

....

....

....

प्र. 14 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

बहुत निराला भारत अपना, हिमगिरि मुकुट मनोहर हैं।
जंगल, पर्वत, नदियाँ, मिट्टी, खानें पुण्य धरोहर हैं।
कण–कण में सूरज की किरणें, नित उग ऊर्जा भरती है।
अनुपम आबहवा के कारण, छह ऋतुओं की धरती है।।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

....

(ख) पुण्य धरोहर किसे कहा गया है ?

....

(ग) हमारी धरती को छह ऋतुओं की धरती कहा गया है। छह ऋतुओं के नाम लिखिए।

....

....

....

(घ) हम भारत की धरती को कैसे सजा–सँवार सकते हैं ?

....

....

....

....

प्रारम्भिक मूल्यांकन (Baseline Assessment)

प्र. 15 बड़े भाई के विवाह में अपने मित्र को निमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए –

....

7 फरवरी 23

....

नमस्ते!

....

....

....

....

....

....

....

....

विशाल

....

प्र. 16 नीचे कुछ शब्द दिए गए हैं। उनकी सहायता लेकर एक कहानी लिखिए –
(एक, दर्जी, हाथी, रोटी, खिलाना, दूकान, रास्ते में, जाता, नदी, पानी, नहाता, पीता, एक दिन, सूई, चुभाना, सूंड़, दर्द, कीचड़, फैलाना, कपड़े, खराब, हो गए, दुखी, हुआ)

....

....

....

....

....

....

....

विद्यार्थी के प्रदर्शन का रिकॉर्ड

टिप्पणी :	विद्यार्थी समूह
	समूह-1 समूह-2